कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-22.01.2023

चोरी के 01 अदद इलेक्ट्रिक हीटर के साथ वांछित अभियुक्त जतिन सेठ थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट की घटनाओं के अनावरण व वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के कुशल नेतृत्व में थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0038/2023 धारा 379/411 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त जतिन सेठ पुत्र स्व0 अमरनाथ सेठ नि0-S29/98 शिवपुर कस्बा थाना शिवपुर वाराणसी को आज दिनांक-22.01.2023 को समय करीब 09.30 बजे गनेशपुर रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी का 01 अदद इलेक्ट्रिक हीटर बरामद किया गया। उक्त गिरफ़्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

जतिन सेठ पुत्र स्व0 अमरनाथ सेठ नि0-S29/98 शिवपुर कस्बा थाना शिवपुर वाराणसी, उम्र करीब 20 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

01 अदद इलेक्ट्रिक हीटर बरामद।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1-उ0नि0 जितेन्द्र कुमार थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2-हे0का0 विनीत कुमार सिंह थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

3-का0 बालमुकुन्द मौर्या थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी